भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 773
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत वाल्मीकिनगर विमानपत्तन

773. श्री सुनील कुमार:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में उड़ान योजना के अंतर्गत कितने विमानपत्तन शामिल हैं;
(ख) क्या बिहार के वाल्मीकिनगर में स्वीकृत विमान पत्तन को भी उक्त योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है या शामिल करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत शामिल विमानपत्तनों से दैनिक आधार पर विमान परिचालन हो रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): क्षेत्रीय सम्पर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-'उड़ान') के तहत, 93 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों (15 हेलीपोर्टों और 02 वाटर एयरोड्रोमों सहित) को प्रचालनरत किया जा चुका है।
(ख): 'उड़ान' योजना के तहत आरसीएस उड़ानों के परिचालन और विकास के लिए बिहार में वाल्मीकिनगर हवाईअड्डे की पहचान की गई है और असेवित हवाईपट्टियों की पुनरुद्धार योजना के तहत 25 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।
(ग): वर्तमान में, 16 हवाईअड्डों, जहाँ विमान की कमी, मौसम संबंधी और अन्य तकनीकी कारणों से परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, को छोड़कर 'उड़ान' योजना के तहत प्रचालनरत सभी हवाईअड्डों से विमान परिचालन हो रहे हैं।

*****